दिन– सोमवार    दिनांक– 06/04/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने घरेलू मांग पूरी करने के लिए पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ाई। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे।

03. राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की टीम आज नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

---

केंद्र सरकार ने पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री बढ़ा दी है। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध कराये जायेंगे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया कि आपूर्ति बढ़ाने के बाद तेईस मार्च से पांच किलो के लगभग छह लाख साठ हजार सिलेण्डरों की बिक्री हुई है। इन सिलेंडरों की कीमत बाजार दर पर रखी गई है और इनकी खरीद के लिए किसी तरह के पता–प्रमाण की जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने बताया कि एलपीजी वितरण केन्द्र पर इन सिलेंडरों की कमी नहीं है। चार अप्रैल को इक्यावन लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग के पंचानवे प्रतिशत की ऑनलाइन बुकिंग हुई है। सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ईंधन की निर्बाध आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री परिवहन और भारतीय नागरिकों की मदद के लिए व्यापक उपाय किए जा रहे हैं। मंत्रालय ने जोर दिया कि पेट्रोल, डीज़ल या रसोई गैस की देश में कोई कमी नहीं है और घबराहट में खरीद की अफरा–तफरी जरूरी नहीं है।

---

ईस्टर के अवकाश के बाद आज शुरुआती कारोबार में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। ईरान के साथ अमरीका और इस्राएल के संघर्ष के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब दो दशमलव दो प्रतिशत बढ़कर एक सौ ग्यारह दशमलव चार–तीन डॉलर प्रति बैरल हो गई। वहीं, अमरीकी

क्रूड की कीमत दो दशमलव सात प्रतिशत बढ़कर एक सौ चौदह दशमलव पांच–सात डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई।

---

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एयर इंडिया ने इस्राएल के लिए अपनी उड़ानें रोक दी हैं। एयर इंडिया के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली–तेल अवीव मार्ग पर उड़ानें इकतीस मई तक निलंबित रहेंगी। अधिकांश प्रमुख विमान कंपनियों ने भी तेल अवीव मार्ग पर परिचालन स्थगित कर दिया है। वहीं, इस्राएल में भारत के राजदूत जेपी सिंह और दूतावास की टीम ने भारतीय कामगारों और विद्यार्थियों के साथ वर्चुअल बातचीत की और उन्हें लगातार सहयोग का भरोसा दिलाया।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो और सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की सराहना की है। श्री कुशवाहा ने सासाराम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज दुनिया के कई देशों में तेल और गैस का गंभीर सकंट पैदा हो गया है, लेकिन भारत में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

–––साउंड बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद राज्य के नये मुख्यमंत्री पर फैसला किया जाएगा। श्री सरावगी ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व, एनडीए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सब मिलकर नये सीएम का फैसला करेंगे।

–––साउंड बाइट–––

इधर, राज्यसभा के लिए निर्वाचित भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, रालोमो प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और शिवेश कुमार के भी दस अप्रैल को ही सदस्यता ग्रहण करने की संभावना है।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की टीम आज नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पोस्ट ऑफिस मोड़ स्थित पी.के. गन हाउस और आभूषण की दुकान में छापेमारी जारी है। पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने छापेमारी की कार्रवाई की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह छापेमारी कारतूस की बिक्री में अनियमितता के मामले में की जा रही है।

---

आर्थिक अपराध इकाई– ईओयू आज आय से अधिक संपत्ति के मामले में किशनगंज के पूर्व एसडीपीओ गौतम कुमार से पूछताछ करेगी। ईओयू इस मामले में उनकी अवैध संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर सकती है। गौरतलब है कि ईओयू ने अट्ठाईस मार्च को गौतम कुमार के छह ठिकानों पर छापेमारी के दौरान कई तरह के दस्तावेज जब्त किये थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में विधान परिषद अतिथि निवास और सामुदायिक केंद्र का उद्घाटन करेंगे। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने बताया कि बत्तीस कमरों वाले अतिथि निवास में कैंटीन और पुस्तकालय की भी सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर में जल्द ही इको पर्यटन केंद्र बनकर तैयार होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कल वाल्मीकि सभागार परिसर में इस केंद्र की आधारशिला रखी। इस केंद्र के निर्माण में अठारह करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने एक करोड़ से अधिक की लागत से नवनिर्मित चिउटाहा और गनौली गिद्ध संरक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया।

---

भारतीय जनता पार्टी आज अपना सैंतालीसवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर पटना स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रवि शंकर प्रसाद, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा समेत

कई नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे। इधर, भाजपा के स्थापना दिवस पर गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को शुभकामनाएं दी हैं।

---

केंद्र सरकार ने सोलह अप्रैल से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। इसका उद्देश्य महिला आरक्षण के लिए दो हजार तेईस में पारित कानून पर अमल के मामले को आगे ले जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे लोकसभा और प्रदेश की विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को समर्थन दें। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा लगभग चार दशक से लंबित है तथा इसमें अब और अधिक देरी नही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला महिलाओं के सशक्तिकरण का है, इसीलिए हर राजनीतिक विचारधारा को इसका समर्थन करना चाहिए। लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण का प्रावधान वर्ष दो हजार उनतीस से लागू होगा।

---

ग्रामीण कार्य विभाग आपात स्थिति में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए नई नीति बनायेगा। इसके लिए विभाग की ओर से मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। बाढ़ की वजह से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को कम समय में सुदृढ़ करने और प्रमुख नेताओं के दौरे को लेकर कई बार अचानक सड़क बनाने की आवश्यकता पड़ती है। ऐसी स्थिति में त्वरित सड़क निर्माण के लिए यह नीति बनाई जा रही है। इससे सड़क निर्माण की प्रशासनिक तथा वित्तीय मंजूरी लेने में सहूलियत होगी।

---

शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी पांच सौ चौंतीस प्रखंडों के मॉडल स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन की विस्तारित तिथि आज समाप्त हो रही है। पहले यह तिथि इकतीस मार्च तक निर्धारित थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए कहा है कि ई–शिक्षा कोष पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के

अनुसार इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। वहीं, इस अवधि में रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद समेत दक्षिण–पश्चिम बिहार के कुछ जिलों में ओलावृष्टि का भी अलर्ट है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के तापमान में कमी दर्ज की गयी है। कल अड़तीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान पैंतीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉड किया गया।

---

नेपाल सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईंधन संकट से निपटने के लिए सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में सप्ताह में दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में अब शनिवार और रविवार को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

---

आईपीएल टी–ट्वेंटी क्रिकेट में प्रतियोगिता में आज कोलकाता नाइट राइडर्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। वहीं, कल खेले गए मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को तैंतालीस रनों से हरा दिया। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराईजर्स हैदराबाद को पराजित कर दिया।

---

बिहार क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित रणधीर वर्मा अंडर नाईटिंन वनडे ट्रॉफी में नालंदा, भोजपुर, बेगूसरास, सीतमाढ़ी और सारण की टीम ने जीत दर्ज की है।

---

पटना के अभिनव सिन्हा का चयन बीसीसीआई की नेशनल क्रिकेट अकादमी के एलीट शिविर के लिये हुआ है। इसका आयोजन ग्यारह मई से छह जून तक किया जायेगा।

---

छत्तीसगढ के रायपुर में खेले जा रहे पूर्वी क्षेत्र वेटरन लीग मुकाबले में बिहार ने ओडीशा को अट्ठावन रन से हरा दिया। जबकि दूसरे मुकाबले में छत्तीसगढ ने छह विकेट जीत दर्ज की।

---

पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र के गवन्द्रा झाझा टोला स्थित एक मदरसे पर छापेमारी कर पुलिस ने बंदूक और कारतूस बरामद किये हैं। मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

---

शिवहर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में पुरनहिया प्रखंड के बसंत जगजीवन गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार–नालसा के तहत वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

---

अररिया स्थित पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिलापदधिकारी सह–समिति के अध्यक्ष विनोद दुहन ने पीएमश्री अनुदान के तहत प्राप्त राशि का नियमानुसार व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

---

कटिहार जिले के फलका थाना के हाजत में एक युवक की संदिग्ध मौत के बाद स्थानीय लोगों ने हंगामा किया। इस मामले में फलका थाने में तीन अलग– अलग दर्ज प्राथमिकी में चार दर्जन से अधिक व्यक्तिओं को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।

---

पटना जिले के खगौल थाना क्षेत्र में सोना लूटकांड मामले की जाचं के लिये एसआईटी का गठन किया गया है। गौरतलब है कि चार की संख्या में अपराधियों ने खगौल के पास स्वयं को कस्टम अधिकारी बताकर आभूषण कारोबारी से सत्रह किलोग्राम सोना लूट लिया था।

---

. अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने शिक्षा से जुड़ी खबर पर लिखा है – नये डिग्री कॉलेजों में नौ हजार एक सौ छियानवे शिक्षक–कर्मी नियुक्त होंगे।

**दैनिक जगरण** ने ईरान में अमेरिकी कार्रवाई पर लिखा है – अमेरिका ने अड़तालीस घंटे के ऑपरेशन के बाद ईरान में मौत के मुंह से निकाला पायलट।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – नीतीश कुमार राज्यसभा सांसद के रूप में दस अप्रैल को लेंगे शपथ।

**प्रभात खबर** का शीर्षक है – रोड किनारे की दुकान और पेट्रोल पंप पर लगेगा सुझाव बॉक्स।

**राष्ट्रीय सागर** ने लिखा है – आज से स्कूलों में सुबह साढ़े छह बजे से साढ़े बारह बजे तक होगी पढ़ाई।

**आज अखबार** की सुर्खी है – विश्वविद्यालयों में लागू होगी समर्थ पोर्टल योजना। बदल जाएगी नामांकन से लेकर वेतन भुगतान तक की प्रक्रिया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने घरेलू मांग पूरी करने के लिए पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति बढ़ाई। वैध पहचान पत्र दिखाने पर एलपीजी वितरक–काउंटर पर ये सिलेंडर उपलब्ध होंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे।

03. राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए की टीम आज नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कई स्थानों पर आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।